**Media Release**

# ईडीआईआई के राष्ट्रीय ग्रीष्मकालीन शिविरों में शामिल हुए 11 राज्यों के 142 बच्चे और युवा प्रतिभागी

अहमदाबाद, **17** मई, **2023-** एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (ईडीआईआई), अहमदाबाद की ओर से उद्यमिता को प्रोत्साहन देने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और ओडिशा के **142** बच्चों और युवाओं में भाग लिया। ईडीआईआई की ओर से उद्यमिता प्रोत्साहन को लेकर **40**वां और युवाओं के लिए उद्यमशीलता एडवेंचर्स पर **43**वां शिविर आयोजित किया गया।

शिविर के दौरान छात्रों और युवाओं को क्लासरूम ट्रेनिंग और सिमुलेशन एक्सरसाइज के माध्यम से समस्या-समाधान के साथ-साथ टीम भावना, अनुकूलनशीलता और नेतृत्व जैसे जीवन कौशल हासिल करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

संस्थान परिसर में आयोजित **40**वें राष्ट्रीय समर कैंप में **12-16** वर्ष के आयु वर्ग के **79** बच्चों ने भाग लिया। **5** दिवसीय आवासीय शिविर में मेंटल जिम, मोटिवेशन एक्सरसाइज, पजल्स, वैल्यू एजुकेशन और इंडस्ट्री विजिट जैसी गतिविधियां शामिल थीं। साथ ही, सफलता की कहानियों के माध्यम से सीखने के लिए प्रेरित किया गया और अपने विचारों को प्रस्तुत करने का कौशल भी प्रतिभागियों को समझाया गया। बच्चों को जीवन की गतिशीलता और संकटों और विफलताओं से निपटने के लिए कौशल विकसित करने के महत्व के बारे में गहराई से जानकारी दी गई। इस दिशा में प्रमुख उद्यमियों और उपलब्धि हासिल करने वालों के साथ बातचीत सत्र का आयोजन भी किया गया।

शिविर के आखिर में अभिभावकों के साथ भी संवाद किया जाता है जिसमें प्रत्येक बच्चे की रिपोर्ट पर चर्चा की जाती है। बच्चों के साथ काम करने वाली फैकल्टी बच्चों की क्षमताओं और कमजोरियों को समझने के लिए साइकोमेट्रिक टेस्ट कराती है। उसके अनुसार अभिभावकों की काउंसलिंग की जाती है।

इस तरह के शिविर को लेकर भारी रुझान को देखते हुए ईडीआईआई ने इनमें से प्रत्येक शिविर में दो बैच आयोजित किए। बच्चों के लिए उद्यमशीलता प्रोत्साहन पर इसी तरह का **5** दिवसीय **41**वां शिविर **27** मई, **2023** को शुरू होगा।

संस्थान युवाओं के लिए एंटरप्रेन्योरियल एडवेंचर्स पर आधारित राष्ट्रीय शिविर भी आयोजित करता है। वर्तमान में **16** से **22** वर्ष के आयु वर्ग के **63** युवाओं के साथ युवाओं के लिए एंटरप्रेन्योरियल एडवेंचर्स पर **43**वां शिविर चल रहा है। युवाओं को प्रदान की जाने वाली दक्षताओं के अलावा, शिविर की उल्लेखनीय विशेषता उनके रुझान, दिलचस्पी और निहित लक्षणों के

आधार पर विशषज्ञों द्वारा कैरियर परामर्श है। इस तरह का **44**वां शिविर **3** जून से **12** जून **2023** तक आयोजित किया जाएगा।

ईडीआईआई के महानिदशक डॉ. सुनील शुक्ला ने राष्ट्रीय शिविर की चर्चा करते हुए कहा, "बच्चों के समग्र विकास के लिए उन्हें ऐसे माहौल में रहने की जरूरत है जहां वे अपने विचारों और अपनी रचनात्मकता के साथ प्रयोग कर सकें। तीन दशकों से अधिक समय से, बच्चों और युवाओं के लिए इन राष्ट्रीय ग्रीष्मकालीन शिविरों के साथ ईडीआईआई उनमें जीवन में कुछ विशष कर गुजरने की भावना का बीज बो रहा है। इस दौरान बच्चे जीवन के बारे में अपने दृष्टिकोण में एक बड़े परिवर्तन का अनुभव करते हैं।' '

अब तक, ईडीआईआई ने बच्चों और युवाओं के लिए राष्ट्रीय शिविरों के माध्यम से देश भर से और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी **4431** से अधिक बच्चों और युवाओं को तैयार किया है।

**About Entrepreneurship Development Institute of India (EDII)**

The Entrepreneurship Development Institute of India (EDII), Ahmedabad was set up in 1983 as an autonomous and not-for-profit Institute with support of apex financial institutions - the IDBI Bank Ltd., IFCI Ltd., ICICI Bank Ltd. and State Bank of India (SBI). The Government of Gujarat pledged twenty-three acres of land on which stands the majestic and sprawling EDII Campus. EDII has been recognized as the CENTRE OF EXCELLENCE by the Ministry of Skill Development and Entrepreneurship, Govt. of India. The Institute has also been listed as the Institute of National Importance by the Education Department, Govt. of Gujarat. For more information visit: www.ediindia.org

**For more information, contact:**

Nirupam Banerjee, Adfactors PR: 9825984727
Hiral Oza, Adfactors PR: 7043901987